गैस लाइन के पास निर्माण करने की अनुमति नहीं

सख्ती

- गेल इंडिया लिमिटेड ने जिला उपायुक्त, विकास एवं पंचायत अधिकारी और नगर परिषद को पत्र लिखा
- सोहना के 27 गांव से निकल रही उच्च दबाव की गैस पाइप लाइन, पलवल हादसे को लेकर कंपनी ने उठाया कदम

गुरुग्राम, कार्यालय संवाददाता। सोहना के 27 गांव में बिना मंजूरी के गैस पाइप लाइन के आसपास पर किसी भी तरह का निर्माण प्रतिबंधित है। इस पाइप लाइन में गैस का उच्च दबाव होता है। क्षतिग्रस्त होने पर इस गैस के कारण जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में गेल इंडिया लिमिटेड ने गैस पाइप लाइन के आसपास किसी भी तरह के निर्माण को प्रतिबंधित कर दिया है।

गेल के अधिकारी केएस रावत ने इस सिलसिले में जिला उपायुक्त के अलावा जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी, नगर परिषद और पुलिस विभाग को पत्र लिखकर सूचित किया है। पत्र के मुताबिक गेल इंडिया लिमिटेड ने इस पाइप लाइन को पेट्रोलियम एंड मिनिरल पाइप लाइन एक्ट, 1962 के तहत अधिग्रहित किया हुआ है। इस जमीन में पाइप लाइन डालने के बाद उसे किसानों के सुपुर्द किया हुआ है, जिसके चलते वे सामान्य खेती इस जमीन पर कर सकें।

छायंसा से लेकर गुरुग्राम तक 16 ईंच की पाइप लाइन आ रही है, जिसकी लंबाई करीब 22.5 किलोमीटर है। ये गैस ज्वलनशील और खतरनाक है। ऐसे में पाइप लाइन की सुरक्षा के लिए इसके आसपास किसी भी तरह का निर्माण कार्य, खुदाई, पेड़-पौधे लगाना प्रतिबंधित है। इन गतिविधियों से पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो सकती है। इस कारण जान-माल का भारी नुकसान हो सकता है। ऐसे में लोगों को इस पाइप लाइन से दूर रहने की सलाह दी जाती है। यदि पाइप लाइन क्षतिग्रस्त हो जाती है तो टोल फ्री नंबर 15101 पर सूचित किया जाना चाहिए।

पत्र में आग्रह किया है कि यदि पाइप लाइन के आसपास किसी तरह का कार्य किया जाना है तो उसकी मंजूरी पहले गेल इंडिया लिमिटेड से लेना अनिवार्य है। बता दें कि पलवल में सीएनजी गैस पाइप लाइन हादसे में मौत होने के बाद गेल इंडिया लिमिटेड ने गैस पाइप लाइन के आसपास निर्माण को प्रतिबंधित किया है।

किस-किस गांव से निकल रही पाइप लाइन : ये पाइप लाइन सोहना ब्लॉक के 27 गांव से निकल रही है। इनमें गांव लोहसिंघानी, सरमथला, गंगोला, खतरीका, बिधवाका, सतलाका, रहाका, निमोठ, हरचंदपुर, खोबड़ी, जलालपुर, अभयपुर, अभयपुर ढाणी, दमदमा, खेड़ला, बहल्पा, सहजावास, मैदावास, भौंडसी, रिठौज, नया गांव, दौहला, लौहटकी, बेरका, धुनेला, सोहना, रायसीना शामिल हैं।